Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- "ऑपरेशन भू–देव" विरूद्ध रामअवतार मीणा की लॉकर तलाशी में मिला 72 लाख का सोना।

जयपुर, आज दिनांक 17.10.2025 को ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर नगर–प्रथम, जयपुर ईकाई द्वारा आज आय से अधिक सम्पत्ति में दर्ज प्रकरण संख्या 270/2025 विरूद्ध रामअवतार मीणा एसोसिएट प्रोफेसर, इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर एवं अन्य में लॉकर तलाशी में **560 ग्राम सोना** मिला जो करीब **72 लाख** का होना पाया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि आय से अधिक सम्पत्ति में दर्ज प्रकरण संख्या 270/2025 विरूद्ध रामअवतार मीणा एसोसिएट प्रोफेसर, इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर एवं अन्य में रामअवतार मीणा के विभिन्न ठिकानों पर सर्च की गई। जिसमें सर्च के दौरान लॉकर की चाबी मिली जिस पर आज दिनांक 17.10.2025 को ए.सी.बी. जयपुर नगर प्रथम, जयपुर ईकाई द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) शाखा इन्दिरा गांधी नगर, जयपुर में लॉकर की तलाशी ली गई जिसमें **560 ग्राम सोना** मिला जिसकी वैल्यूवेशन कराने पर वैल्यूवर ने **72 लाख रूपये** किमत बताई। रामअवतार मीणा के अन्य निर्माणधीन मकान की वैल्यूवेशन करवाई जा रही है जिसमें और अधिक सम्पत्ति के सामने आने की सम्भावना है। कार्यवाही जारी है।